Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर के केतूकला में विधुत विभाग का तकनीशियन प्रथम (लाईनमेन) 10 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार**

जयपुर, दिनांक 25 जनवरी शनिवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की जोधपुर ग्रामीण इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **श्री खेमचन्द तकनीशियन प्रथम (लाईनमेन) केतुकला कार्यालय सहायक अभियन्ता विधुत विभाग सेखाला डिस्कॉम जोधपुर** को परिवादी से **10 हजार रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि ए.सी.बी जोधपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके बिजली कनेक्शन पर केतूकला के विधुत विभाग के तकनीशियन प्रथम (लाईनमेन) श्री खेमचन्द द्वारा एक लाख रूपये की शीट फाडने का भय दिखाकर 15,000 रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर **श्री हरेन्द्र महावर उप महानिरीक्षक पुलिस ए.सी.बी. जोधपुर** के सुपरविजन में ए.सी.बी. जोधपुर ग्रामीण इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री खेमचन्द तकनीशियन प्रथम (लाईनमेन) केतुकला कार्यालय सहायक अभियन्ता विधुत विभाग सेखाला डिस्कॉम जोधपुर को परिवादी से **10 हजार रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी खेमचन्द लाईनमेन द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से **3,000/- रूपये** रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।

ए.सी.बी. की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।